Seventeenth Loksabha

an>

Title Regarding alleged embezzlement of money deposited by customers in Punjab National Bank located in village Chohilanwali, Hanumangarh district, Rajasthan.-Laid

श्री निहाल चन्द चौहान (गंगानगर): मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत जिला हनुमानगढ़ के ग्राम चोहिलांवाली के पीड़ित किसानों और मजदूरों के साथ इसी गाँव में स्थित पंजाब नेशनल बैंक की शाखा के मैनेजर और कर्मचारियों के कथित रूप से करोड़ो रुपयों की राशि के हिसाब किताब में अनियमितताएँ पाई गई है । उक्त बैंक में ग्राम चोहिलांवाली के लगभग 200-250 किसानों व मजदूरों के KCC खाते खुले हुए थे, जिनमें से ज्यादातर किसान, गरीब, मजदूर, अनपढ़ या कम पढ़े-लिखे है । इसी बात का फायदा उठाकर कथित रूप से बैंक के मेनेजर और कुछ कर्मचारियों ने विड्रोल व चेक पर नकली साइन करके नगद पैसा निकाला गया । बहुत से किसानों को KCC लिमिट के ब्याज भरने के बहाने बैंक बुलाया गया और सर्वर डाउन का बहाना बनाकर नगद रूपये ले लिए गए । इसके बाद उन गरीब लोगों को कथित रूप से नकली रसीद दे दी गई । इस प्रकार इन कर्मचारियों के द्वारा लगभग 10-12 करोड़ रूपए का गबन किया गया है । मेरा केंद्र सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र के इन पीड़ित किसानों की विषम मानसिक और आर्थिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए जल्द से जल्द इस विषय में उचित व निष्पक्ष जांच करवाकर दोषियों के विरुद्ध उचित दंडात्मक कार्यवाही करें और पीड़ितों के गबन की राशि वापिस दिलवाई जाए ।